**प्रदूषण** वाहनों से निकलने वाला काला धुआं बन रहा स्लो पोइजन

# वातावरण का दुश्मन बना ये काला धुआं



**जबलपुर, नवभारत।** शहर की सड़कों पर दौड़ रहे खटारा वाहनों से निकलने वाला काला धुंआ बच्चों से लेकर बड़ों तक की जान का दुश्मन बन बैठा है। जानकारो कि माने तो पिछले एक साल में बच्चों से लेकर बड़ों तक में सांस संबंधी रोगों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। बता दे कि वाहनो से निकलने वाले धुआं में नाइट्रोजन ऑक्सीडेज एवं सल्फर डाइऑक्साइड सहित अन्य हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। जो वातावरण को प्रदूषित करती है और इसी प्रदूषित वातवरण में सांस लेना, कई बीमारियों को जन्म देता है।

### इस कारण निकलता है काला धुआं

जानकारों कि माने तो जब इंजन में ईंधन और हवा का अनुपात सही नहीं होता, तो ईंधन पूरी तरह से नहीं जल पाता जिससे चलते काला धुआं निकलता है। वही बता दे कि इंजन के पुर्जे जैसे एयर फ्लो सेंसर, फ्यूल इंजेक्टर, या इग्निशन कॉइल में खराबी के कारण भी कई बार काला धुआं निकलता है। वाहनों से निकलने वाला काला धुआं एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। जो वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण बनता है। सोमवार को शहर की सड़कों में दौड़ते तमाम सरकारी एवं गैर सरकारी वाहनों से निकलता काला धुआं प्रशासन की भी पोल खोल रहा था। मालूम हो कि काला धुआं आमतौर पर इंजन में ईंधन के अपूर्ण दहन के कारण पैदा होता है, जिससे हानिकारक गैस और कण निकलते हैं।

**इनका कहना है**



देखिए कुछ भी हो लेकिन वाहनों से निकलने वाला काला धुआं हर इंसान के लिए हानिकारक है। अब तो इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन हो गया है लेकिन पुराने वाहनों का भी प्रशासन को कुछ करना चाहिए।

**सुनील श्रीवास**



जहां तक हमने देखा है पुराने सरकारी वाहनों से सबसे ज्यादा काला धुआं निकलता है। अगर इन वाहनों की जगह प्रशासन नए इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें तो ज्यादा बेहतर होगा।

**मोहित मिश्रा**

देखिए पुराने वाहनों की पीयूसी जांच की जाती है। अगर पीयूसी सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं होता है या वाहनों से काला धुआं निकलता पाया जाता है तो उन पर कार्रवाई की जाती है।

**संतोष शुक्ला, डीएसपी, यातायात पुलिस**

## सिवनी से अयोध्या तक जबलपुर होकर चलेगी ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** 21 अगस्त को सिवनी से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। सिवनी से ट्रेन यात्रियों को लेकर जाएगी और फिर वापस सिवनी लेकर आएगी। सांसद भारती पारधी ने रेलवे से स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की थी, जिस पर स्वीकृति मिल गई है। 12 बोगी की स्पेशल ट्रेन 21 अगस्त को सिवनी रेलवे स्टेशन से दोपहर 3 बजे रवाना होगी। इसके बाद यह ट्रेन नैनपुर, जबलपुर, सतना, प्रयागराज होते हुए अगले दिन 22 अगस्त को सुबह 8 बजे अयोध्या पहुंचेगी। दिन पर श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन कर सकेंगे। स्पेशल ट्रेन 22 अगस्त को रात 9 बजे अयोध्या से सिवनी के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन प्रयागराज, सतना, जबलपुर, नैनपुर होते हुए सिवनी 23 अगस्त को दोपहर 3 बजे पहुंचेगी।

# छठे वेतन आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप क्यों नहीं दे रहे सेवानिवृत्ति लाभ

**हाईकोर्ट ने जेएनकेविवि को नोटिस जारी**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने छठवें वेतन आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप सेवानिवृत्ति लाभ न दिये जाने को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। एकलपीठ ने मामले में जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला याचिकाकर्ता जेएनकेवि के पूर्व डीन डॉ. सीबी सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उन्हें संचालक विस्तार सेवाएं के पद से वर्ष 2006 में सेवानिवृत होने के बाद से आज तक छठवें वेतन आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप सेवनिवृत्ति लाभ नहीं दिया गया है। याचिकाकर्ता पूर्व में पादप प्रजनन और आनुवंशिकी विभाग के प्राध्यापक रहते हुए, डीनए कृषि महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके थे। उन्हें जनवरी 2007 से अगस्त 2023 तक के वित्तीय लाभों से पक्षपातपूर्ण व मनमाने तरीकों से वंचित रखा गया। याचिकाकर्ता ने पूर्व में विश्वविद्यालय विभिन्न के उच्च अधिकारीयों को इस बारे में अवगत कराया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर यह मामला दायर किया गया है। जिसमें प्रमुख सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग, मंत्रालय, कुलपति, कुलसचिव, लेखा नियंत्रक, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय को पक्षकार बनाकर गया है।

### पटवारी भर्ती परीक्षा विवादित मामले में एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट तलब

पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 पश्नों को विलोपित करने व तीन प्रश्नों के उत्तर गलत दर्शाने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में कर्मचारी चयन बोर्ड को एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।यह अपील भोपाल निवासी नितिन जैन की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ वर्मा ने पक्ष रखा। जिसमें कहा गया कि अपीलकर्ता नितिन जैन ने पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 में भाग लिया था। उनका कहना है कि कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) ने परीक्षा के 7 प्रश्न क्रमांक 6, 33, 46, 65, 126, 118, 124 को बिना ठोस कारण मनमाने ढंग से रद्द कर दिया और 3 प्रश्नों जिसमें प्रश्न क्रमांक 104, 131, 132 की उत्तर कुंजी गलत निर्धारित की। जिसके कारण उन्हें योग्य अंक नहीं मिल सके। आवेदक की ओर से कहा गया कि यदि उक्त त्रुटियों को सुधारा जाए तो वह चयन सूची में आ सकते हैं। उक्त मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, लेकिन एकलपीठ ने सीमित न्यायिक समीक्षा और बोर्ड के विवेकाधिकार का हवाला देते हुए याचिका खारिज कर दी थी, जिस पर यह अपील दायर की गई है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष को किया गया पार्टी से निष्कासित

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि हड़पने का लगा है आरोप**



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में राशि हड़पने के आरोप में घिरे शहीद अब्दुल हमीद मंडल के अध्यक्ष अकील अहमद अंसारी को भारतीय जनता पार्टी ने तत्काल प्रभाव से संगठन से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता और जनहित से जुड़ी गंभीर लापरवाही का मामला बताते हुए स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण के मामलों में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने इस मामले को बेहद गंभीर माना और अंसारी के कृत्य को 'अशोभनीय' व 'पार्टी की मर्यादा के विपरीत' करार दिया।

विधायक भगवान दास सबनानी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र जबलपुर नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर को भेजा गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि मंडल अध्यक्ष के कृत्य और उस पर लगे आरोपों से पार्टी की छवि धूमिल हुई है, जिसके चलते उसे प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है। जानकारी के अनुसार मंडल अध्यक्ष पर लिए गए एक्शन का पत्र सीधे भोपाल से जारी हुआ। नगर संगठन की ओर से उसे शो कॉज नोटिस तक नहीं दिया गया। जिसको लेकर भी भाजपा के स्थानीय नेताओं के खेमे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं। अधिकांशत: देखा गया है कि किसी भाजपा नेता पर किसी तरह की कार्रवाई होती है तो जिलाध्यक्ष के द्वारा पत्र जारी होता है। लेकिन इस बार मामले ने भोपाल तक तूल पकड़ा और फिर बाद में भोपाल से ही प्रदेश अध्यक्ष ने फैसला लेते हुए मंडल अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 10 बजे भाजपा के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके निष्कासन की जानकारी साझा की गई है।

### ऐसी कोई दवा न लिखी जाएं जो एक ही दुकान पर मिले

**जबलपुर।** कुछ निजी चिकित्सकों द्वारा ऐसी दवाइयों लिखी जा रही हैं जो केवल उनके क्लिनिक से संलग्न मेडिकल स्टोर या नज़दीकी चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध होती हैं। इस प्रकार की व्यवस्था से मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक दवा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, जिससे अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक परेशानी होती है। शिकायतें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा तक पहुंची है। उन्होंने सभी पंजीकृत चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि प्रिस्क्रिप्शन में दवाइयों का उल्लेख अनिवार्य रूप से जेनेरिक नाम से किया जाए।

# पाटन से खितौला की रैकी, डकैतों, मास्टरमाइंड, मददगारों पर फोकस

**अहम क्लू मिला: किराए के मकान में ठहराने वाले समेत कई संदेहियों से पूछताछ**



**जबलपुर।** खितौला अंतर्गत ई साफ बैंक में पड़ी डकैती को सुलझाने पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही है। सूत्र बताते हैं कि साफ बैंक खितौला में 14873.50 ग्राम सोना और नगदी 508675 लूट कांड की रैकी पाटन से की गई थी। पाटन के इंद्राना में एक मकान में संदेही किराए के मकान में रुके हुए थे पुलिस की जांच अब मास्टरमाइंड, मददगारों पर भी चल रही है। कुछ नाम पुलिस के सामने आ गए हैं। मकान मालिक और संदेहियों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ चल रही है। हालांकि पुलिस अभी कुछ भी बोलने से बच रही हैं लेकिन जल्दी पता लग जाएगा की पुलिस डकैतों के करीब है या सिर्फ हवा में लट्ठ घुम रही है।

### तीसरी आंख से सैकड़ों फुटेज खंगाले

बैंक डकैती की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने तीसरी आंख से सैकड़ों फुटेज खंगाले। संदेहियों को चिन्हित किया गया। जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि इंदाना में दो संदेही ठहरे थे जिन्हें बिना पहचान पत्र के रूकवाया गया था। मामले में संदेहियों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ चलर ही है।

### रईस समेत कई नाम आये सामने

सूत्रों के मुताबिक डकैती कांड में रईस, सोनू बर्मन, इंद्रजीत विश्वर्का, समेत कई नाम पुलिस को मिले है। पाटन निवासी रईस नामक व्यक्ति ने डकैतों को हायर किया था जिन्होंने पूरी योजना बनाने के बाद वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश उप्र के भी है। हालांकि पुलिस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

### किराए के मकान से पिस्टल, बैग जब्त

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने संदेहियों के किराए के मकान की सर्चिंग के दौरान पुलिस ने पिस्टल, बैग समेत अन्य सामान भी जब्त किया है इसके बाद वाहन को भी बरामद किया गया हैं।

**डकैतों पर तीस हजार का ईनाम घोषित**

खितौला अंतर्गत ई साफ बैंक में पड़ी 14873.50 ग्राम सोना और नगदी 508675 की डकैती मामले में अब पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा द्वारा द्वारा तीस हजार रूपये का ईनाम घोषित कर दिया गया है। इसके पहले आरोपियों की गिरफ्तारी पर दस हजार रूपए का ईनाम पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने घोषित किया था।

## रादुविवि में एनएसयूआई ने चलाया पोस्टर अभियान



**नवभारत,जबलपुर।** राज्य स्तरीय कांग्रेस कमेटी एवं एनएसयूआई प्रदेश इकाई के निर्देशानुसार, नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) जबलपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष सचिन राजक के नेतृत्व में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में एकजुट हुए और राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग के विरुद्ध, राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे वोट चोरी विरोधी आंदोलन के समर्थन में पूरे कैंपस में पोस्टर चिपकाए। यह पोस्टर अभियान वोट चोरी के खिलाफ खड़े हो शीर्षक के अंतर्गत चलाया गया, जिसमें आम जन और विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस आंदोलन का हिस्सा बनें। पोस्टरों के माध्यम से मिस्ड कॉल नंबर एवं वेबसाइट के जरिए समर्थन दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

## एमबीए के खराब परीक्षा परिणाम को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जबलपुर महानगर के पदाधिकारियों द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में गत दिनों घोषित हुए एम.बी.ए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में हुई स्पष्ट त्रुटियों और अनियमितताओं को लेकर आरडीवीवी में विरोध प्रदर्शन किया और फिर कुलगुरु को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। इस संबंध में अभाविप जबलपुर महानगर मंत्री आर्यन पुंज ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और छात्रों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। परिणाम की त्रुटियों को तत्काल सुधार कर विद्यार्थियों को जल्द से जल्द न्याय प्रदान किया जाए, साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था की जाए। ज्ञापन के दौरान महानगर सह-मंत्री शोभित मिश्रा, अनमोल सोनकर, सत्यम पटेल, भास्कर पटेल, आशुतोष पटेल, मन्नत दुबे, आयुष बारी, सूर्यांश सिंह ठाकुर, ओजस्व पांडेय, निखिल गुप्ता उपस्थित रहे।

## वीआईपी मूवमेंट, मुख्यमंत्री, दो डिप्टी सीएम आएंगे

**अलर्ट मोड में पुलिस-प्रशासनिक अमला**

**जबलपुर।** गुरूवार को शहर में वीआईपी मूवमेंट होने वाला हैं जिसको लेकर पुलिस-प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आज जबलपुर आ रहे है। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गुरूवार को दोपहर 2.40 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा संक्षिप्त प्रवास पर डुमना विमानतल जबलपुर आगमन होगा। डॉ. यादव डुमना विमानतल से दोपहर 2.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा मंडला प्रस्थान करेंगे वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 5.20 बजे हेलीकॉप्टर से पुन: डुमना विमानतल आऐंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5.25 बजे डुमना विमानतल से वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गुरूवार को दोपहर 2.40 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भोपाल से वायुयान द्वारा अल्प प्रवास पर डुमना विमानतल जबलपुर आयेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल डुमना विमानतल से कार द्वारा शहडोल प्रस्थान करेंगें। इसी प्रकार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का गुरुवार की रात 9.25 बजे अमरकंटक एक्सप्रेस द्वारा भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा 15 अगस्त को सुबह 9 बजे जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के जिले के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद रात 11.30 बजे जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## यश हत्याकांड: कातिलों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**घर पर पत्थर फेंकने के विवाद पर की थी हत्या**



**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत लालमाटी में घर पर पत्थर फेंकने के विवाद पर चाकू, तलवार व लट्ठ से हमला कर यश मेहरोलिया 21 वर्ष की हत्या कर माता पिता समेत चार लोगों को घायल करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को न्यायालय में पेश करने के पहले उनका जुलूस निकाला इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में एक आरोपी अब भी फरार है जिसकी तलाश जारी है। घमापुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि पुलिस के मुताबिक यश मेहरोलिया 21 वर्ष निवासी लालमाटी सिंधी का पत्थर फेंकने के विवाद पर करू सिंधी, सोना सिंधी, सत्यम लखेरा, शुभम लखेरा, सुंदरम लखेरा को लेकर आया ने तलवार, चाकू, डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। यश का भाई अंशुल मेहरोलिया और मां किरण, पिता किशोर जीजा अनुराज ने बीच बचाव किया हमलावरों ने उन पर भी ताबड़तोड़ वार किए थे। इलाज के दौरान यश की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर सत्यम लखेरा, शुभम लखेरा, सोना सिंधी, करू को गिरफ्तार किया जिन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है जबकि सुंदरम लखेरा फरार है जिसकी तलाश जारी है।

## फार्चुनर कार बेचने का सौदा कर 38 लाख 50 हजार हड़पे

**जबलपुर।** फार्चुनर कार बेचने का सौदा कर 38 लाख 50 हजार रूपये लेकर हड़पने वाले के खिलाफ अधारताल पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। पुलिस ने बताया कि बिहारीलाल मित्तल 55 वर्ष निवासी बीजी स्कीम न. 74 विजय नगर जिला इंदौर ने लिखित शिकायत की कि उसकी जान पहचान 2024 में हासिम निवासी भोपाल से हुई थी जिससे वाहन खरीदने के सम्बंध में चर्चा हुई थी। हासिम ने अपने जान पहचान के जबलपुर निवासी सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू उम्र 42 वर्ष की फार्चुनर कार एमपी 20 जेड एल 2909 का विक्रय सौदा 18 अप्रैल 24 को अधारताल तिराहे के पास हुआ था सौदे के मुताबिक उसने सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू को 38 लाख 50 हजार रूपये का ऑनलाईन एवं नगद भुगतान किया था। विक्रय पत्र 6 माह में एनओसी देने की शर्त पर स्थापित किया गया था किंतु 6 माह पूर्ण होने के पश्चात भी सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू ने एनओसी प्रदान नहीं की गयी, सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू ने भरोसा दिलाकर गाड़ी वापस ले ली थी। सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू बार बार कहने पर भी न ही कार एवं एनओसी दे रहा है न ही रूपये वापस कर रहा है। शिकायत पर सयैद अली अब्बास नकवी उर्फ शिबू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### विश्वासघात: बाइक लेकर हुआ फरार

**जबलपुर।** जालसाज ने विश्वासघात करते हुए मोटर सायकिल लेकर फरार हो गया। पनागर पुलिस ने अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अनिकेत कोरी 22 वर्ष निवासी भरदा पड़रिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी का काम करता है, दोपहर लगभग 3 बजे उसका छोटा भाई शिवम कोरी के साथ चंदन कोरी नई मोटर सायकल प्लसर लेकर पड़रिया तिराहा पर खड़े थे तभी अम्बर चौधरी मोटर सायकल में पीछे बैठ कर साथ मे चलने के लिये बोला मोटर सायकल में पीछे बैठाकर ले गया थौड़ी आगे जाकर उसके भाई शिवम को मोटर सायकल से उतार दिया

# जेल से 12 कैदी होंगे आजाद

**जबलपुर।** 15 अगस्त के अवसर पर आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे 12 बंदियों को उनके सजा के दौरान अच्छा आचरण होने पर सजा में शासन द्वारा माफी प्रदान की गई। जबलपुर के केंद्रीय कारागार से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जेल में निरुद्ध इन कैदियों को रिहा किया जायेगा। इन बंदियों को जेल में सजा काटने के दौरान प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि रिहा होने के पश्चात ये जीवकोपार्जन के साधन अर्जित कर सकें। गौरतलब है कि सरकार हर साल 15 अगस्त को कैदियों को उनके अच्छे आचरण और अन्य मापदंडों के आधार पर रिहा करती है।

### इनकी होगी रिहाई एक महिला बंदी भी

महिला बंदी हर्षलता उर्फ मुस्कान पति इरफान उर्फ छोटू उर्फ अनस निवासी लड़ईया मोहल्ला कटंगी नाका माता दिवाला विवेकानंद वार्ड सिवनी सिवनी जिला सिवनी, केवल बैगा पिता सुम्मत बैगा निवासी फूलवाही थाना शहपुरा जिला डिण्डौरी,जनक पिता साहेराम



निवासी चुनपथरी थाना बजाग जिला डिण्डौरी, शिवचरण पिता गौड़ निवासी सरसवाही,रंगीलाल पिता सिंह गौड़ गिरनू, निवासी जाड़ासुरंग समनापुर,अशफाक खान पिता अब्दुल खलीद निवासी सिटीकोतवाली सिवनी,परसादी पिता वीरनलाल गौड़ निवासी सागर कुरई, गुड्डा उर्फ गुरुदयाल पिता मूलचंद्र कोरी निवासी नरसिंहपुर तेंदूखेड़ा,महेन्द्र सिंह पिता शिवभान सिंह निवासी कटरिया ढीमरखेड़ा,रमेश उर्फ भैयाजी पिता चंद्रिका प्रसाद तिवारीनिवासी इटौली थाना ढीमरखेड़ा,वीरेन्द्र उर्फ खोख्खल पिता चंद्रिका,ज्ञानी पिता झाऊलाल गोलू, अरविंद उर्फ कालू पिता सोहनलाल महार की रिहाई होगी।

**सौगात** एक नंबर, कई सेवाएं के साथ 15 अगस्त बाद आयेगी शहर

# डायल 100 हुई 112, अब 47 नए लुक में सड़कों पर दौड़ेंगी




**जबलपुर।** डायल 100 अब नए लुक के साथ डायल 112 हो गई हैं। जिले में पहले 45 डायल हंड्रेट थी जो अब 47 नए लुक के साथ दौड़ेंगी। नए वाहन 15 अगस्त के बाद जबलपुर पहुंचेंगे और शहर लेकर ग्रामीण अंचल की सड़कों पर दौड़ेंगे। ये वाहन हाईटैक सुविधाओं के साथ डेटा एनालिटिक्स, रीयल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग के साथ अन्य सुविधाओं से लैस होंगे। जन-सुरक्षा की दिशा में आज से ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा हैं। गुरूवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का शुभारंभ करेंगे इसके बाद दो से तीन दिन के भीतर नए लुक में ये वाहन जबलपुर पहुंचने की तैयार कर ली गई हैं।

### ये सुविधाएं भी होगी उपलब्ध

अब पुलिस (100), स्वास्थ्य, एम्बुलेंस (108), अग्निशमन (101), महिला हेल्पलाइन (1090), साइबर क्राइम (1930), रेल मदद (139), हाईवे एक्सिडेंट रिस्पॉन्स (1099), प्राकृतिक आपदा (1079) और महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन (181, 1098) जैसी सभी सेवाएं एक ही नंबर 112 से उपलब्ध होंगी।

### नई प्रणाली की यह होगी खासियत

प्रत्येक शिफ्ट में 100 एजेंट की क्षमता वाला नया कॉन्टैक्ट सेंटर, जिसमें 40 सीटों का डिस्पैच यूनिट है। पीआरआई लाइनों से एसआईपी आधारित ट्रंक लाइन पर माइग्रेशन, जिससे 112 पर कॉल एक्सेस अधिक सहज हो। उन्नत बिज़नेस इंटेलिजेंस और रिपोर्टिंग टूल्स, नागरिकों और एफआरव्ही के बीच संपर्क को बेहतर बनाते हुए गोपनीयता बनाए रखने के लिए नंबर मास्किंग समाधान, चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रैकिंग, नागरिकों और पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष मोबाइल ऐप्स, डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरे समेत अन्य खासियत होगी।

**इनका कहना है**

डायल हंड्रेट अब 112 होन के साथ ,एक नंबर पर कई सेवाएं उपलब्ध होगी। 15 अगस्त के बाद जिले में 47 वाहन नए लुक में आ रहे है। जिनकी दो नई लोकेशन भी चिन्हित कर ली गई हैं पनागर और सिहोरा में भी अब इनकी तैनाती होगी। एक वाहन में पायलट समेत दो अतिरिक्त स्टॉफ होगा।

**मनीष राय**
**निरीक्षक,रेडियो प्रभारी**


**आवश्यकता है**

ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है:-

**02 पद- (ऑफिस बॉय)**

ऑफिस कार्य समय

1.सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक

2.शाम 4 से रात 10 बजे तक

संपर्क करें- नवभारत प्रेस, चौथापुल, शाहिल होण्डा शोरूम के पास, जबलपुर (म.प्र.)

मो.8305852507